Rajasthan Patrika
Emami Agrotech to invest INR 700 cr Capex, spices mkt
Aug 21, 2019 | Kolkata | Pg No.: 4 | Top Right | Bureau | Sq Cm: 91 | AVE: 50702 | PR Value: 253510

इमामी एग्रोटेक करेगी 700 करोड़ का निवेश

हेल्दी एंड टेस्टी मंत्र ब्रांड नाम से मसालों की श्रेणी में किया प्रवेश

कोलकाता . इमामी समूह की कंपनी इमामी एग्रोटेक अपनी खाद्य तेल विनिमर्णि क्षमता 6,000 टन प्रति दिन से बढ़ाकर 10,000 टन करने के लिए अगले वर्ष के अंत तक लगभग 700 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

कंपनी की गुजरात के कांडला बंदरगाह के नजदीक 500 करोड़ का निवेश से एक ग्रीनफील्ड परियोजना की स्थापना करेगी। बाकी 200 करोड़ रुपए पश्चिम बंगाल के हल्दिया स्थित प्लांट का विस्तार पर,खर्च करेगी। कंपनी की योजना अगले तीन साल में दोगुना करने की है। 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वित्तवर्ष में कपंनी का राजस्व 1200 करोड़ रुपए था। कंपनी के निदेशक आदित्य वी. अग्रवांल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इमामी ने हेल्दी एंड टेस्टी मंत्र ब्रांड नाम से 80,000 करोड़ रुपए के मजबूत मसालों की श्रेणी में प्रवेश किया है और अगले पांच वर्षों में 1,200-1,500 करोड़ रुपए की बिक्री का लक्ष्य है। बंगाल के बाद अगले वित्त वर्ष में मसाले को पूरे देश में जारी किया जाएगा। अग्रवाल ने कहा वर्तमान में इमामी एग्रोटेक ने पूर्वी भारत में उपलब्धता को सीमित कर रखा है। कंपनी 2020 में इस व्यवसाय सेगमेंट के राष्ट्रीय स्तर पर रोल-आउट का विकल्प चुनेगी और इस व्यवसाय पर 50-60 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।